एलएंडटी फाइनेंस ने किया इंडो पैसिफिक का अधिग्रहण



इसी साल मार्च में हुआ था दोनों में करार

प्रेट्र • नई दिल्ली

इंजीनियरिंग एवं कंस्ट्रक्शन सेक्टर की दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ने इंडो पैसिफिक हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स ने इस अधिग्रहण के लिए 12 मार्च, 2012 को करार किया था। यह सौदा 110 करोड़ रुपये में हुआ है।

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के प्रेसिडेंट एवं पूर्ण-कालिक डायरेक्टर एन. शिवरमन ने कहा कि एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के इंफ्रास्ट्रक्चर व पहुंच को इंडो पैसिफिक हाउसिंग फाइनेंस के तजुर्बे के साथ मिलाकर हम अगले पांच सालों में एक बहुत अच्छी बुक बनानें की उम्मीद कर रहे हैं। इस अधिग्रहण से एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स की ऑफरिंग में एक नई एसेट कैटेगरी जुड़ेगी और कंपनी को एक व्यापक रेंज वाली वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी बनने के अपने लक्ष्य में मदद मिलेगी। इस अधिग्रहण के साथ एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स हाउसिंग फाइनेंस के कारोबार में प्रवेश करेगी और इंडो पैसिफिक के नेटवर्क के विस्तार के जरिए इस कारोबार को और मजबूत बनाएगी।

वित्त वर्ष 2011-12 की समाप्ति पर इंडो पैसिफिक हाउसिंग फाइनेंस की लोन बुक का आकार 161 करोड़ रुपये के स्तर पर था। कंपनी मुख्य तौर पर स्व-रोजगार में लगे पेशेवरों और कम आय वर्ग वाले लोगों को लोन सुविधा मुहैया कराती है।

सौदा

₹110
करोड़ रुपये में हुआ है अधिग्रहण का यह सौदा

₹161
करोड़ पर है कंपनी की लोन बुक का आकार

5
साल में इस कारोबार को बड़ा करने की है तैयारी